# कक्षा–12 NCERT भूगोल (मानव भूगोल के मूल सिद्धांत)

## अध्याय–02 (विश्व जनसंख्या– वितरण, घनत्व और वृद्धि) – नोट्स

**Youtube Channel Name : Siddhi Vinayak Sangaria**

**Channel Link- https://www.youtube.com/channel/UCJlUDM0uPIL7kEO0ZMdDcHg**

**Telegram link - https://t.me/siddhivinayaksangariamukesh (Siddhi Vinayak Sangaria)**

---

**1. जनसंख्या घनत्व से क्या आशय है?**

उत्तर– **जनसंख्या घनत्व–** किसी क्षेत्र में निवास करने वाली जनसंख्या और वहाँ के क्षेत्रफल के अनुपात को ही जनसंख्या घनत्व कहते हैं।

**2. ''एशिय में बहुत अधिक स्थानों पर कम लोग और कम स्थानों पर बहुत अधिक लोग रहते हैं।'' यह कथन किस भूगोलवेत्ता का है?**

उत्तर– यह कथन जॉर्ज बी. क्रेसी का है।

**3. जनसंख्या वृद्धि को परिभाषित कीजिए।**

उत्तर– **जनसंख्या वृद्धि–** समय के दो अंतरालों के बीच, एक क्षेत्र विशेष में होने वाली जनसंख्या परिवर्तन को जनसंख्या वृद्धि कहा जाता है।

**4. विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या किस महाद्वीप में पाई जाती है?**

उत्तर– विश्व में सर्वाधिक जनसंख्या एशिया महाद्वीप में पाई जाती है।

**5. विश्व में उच्च जनसंख्या वाले दो देशों के नाम लिखिए।**

उत्तर– विश्व में उच्च जनसंख्या वाले दो देश– 1. चीन 2. भारत।

**6. 'क' प्रदेश का क्षेत्रफल 530 वर्ग किमी व जनसंख्या 85860 व्यक्ति है। उस प्रदेश का जन घनत्व अवकलित कीजिए।**

उत्तर– 'क' प्रदेश का जन घनत्व = कुल जनसंख्या / कुल क्षेत्रफल

= 85860 / 530

= 162 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी

**7. आप्रवास व उत्प्रवास में अंतर लिखिए।**

उत्तर– **आप्रवास** – प्रवासी जो किसी नये स्थान पर जाते हैं, आप्रवासी कहलाते हैं।

**उत्प्रवास** – प्रवासी जो एक स्थान से बाहर चले जाते हैं, उत्प्रवासी कहलाते हैं।

**8. जनसंख्या परिवर्तन के तीन घटकों के नाम लिखिए।**

उत्तर– जनसंख्या परिवर्तन के तीन घटक निम्नलिखित हैं–

1. जन्म
2. मृत्यु
3. प्रवास

Youtube Channel : Siddhi Vinayak Sangaria

**9. भारत की वार्षिक जनसंख्या वृद्धि दर कितनी है?**

उत्तर– भारत की वार्षिक जनसंख्या वृद्धि दर 1.64 प्रतिशत है।

**10. जनसंख्या वृद्धि की दो प्रमुख समस्याएं लिखिए।**

उत्तर– जनसंख्या वृद्धि की दो प्रमुख समस्याएं हैं– 1. बेरोजगारी 2. गरीबी।

**11. जनसंख्या वृद्धि और आर्थिक विकास में कैसा संबंध पाया जाता है?**

उत्तर– जनसंख्या वृद्धि और आर्थिक विकास में ऋणात्मक संबंध पाया जाता है।

**12. विज्ञान व प्रौद्योगिकी ने किस प्रकार जनसंख्या वृद्धि में सहायता की है?**

उत्तर– औद्योगिक क्रांति के बाद तीव्र जनसंख्या वृद्धि का कारण विज्ञान व प्रौद्योगिकी का विकास होना है। इससे–

1. चिकित्सा सुविधा में सुधार हुआ।
2. महामारियों से बचाने के लिए टीकाकरण हुआ।
3. मृत्युदर में कमी आई।
4. स्वच्छता का प्रसार हुआ।

**13. जनसंख्या प्रवास को प्रभावित करने वाले कोई 4 अपकर्ष कारक लिखिए।**

उत्तर– जनसंख्या प्रवास को प्रभावित करने वाले 4 अपकर्ष कारक निम्नलिखित हैं–

1. किसी क्षेत्र में रोजगार के अच्छे अवसर होना।
2. किसी क्षेत्र में रहन–सहन की अच्छी दशाएं होना।
3. किसी क्षेत्र में अनुकूल जलवायु होना।
4. किसी क्षेत्र में शांति होना।

**14. जनसंख्या नियंत्रण के प्रमुख उपाय लिखिए।**

उत्तर– जनसंख्या नियंत्रण के प्रमुख उपाय निम्नलिखित हैं–

1. परिवार नियोजन से जनसंख्या वृद्धि को कम किया जा सकता है। इससे महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर रखने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है।
2. परिवार नियोजन जैसे कार्यक्रमों को अपनाकर बच्चों की जन्मदर को कम करके तथा उनमें अंतराल रखकर जनसंख्या को सीमित किया जा सकता है।
3. जन अभियान के माध्यम से प्रचार–प्रसार कर जागरुकता को बढाकर तथा गर्भ निरोधक उपायों को बढावा देने से जनसंख्या नियंत्रित की जा सकती है।

**15. थॉमस माल्थस का जनसंख्या सिद्धांत लिखिए।**

उत्तर– थॉमस माल्थस का जनसंख्या सिद्धांत (1798)–

1. लोगों की संख्या खाद्य पदार्थों की अपेक्षा अधिक तेजी से बढेगी।
2. जनसंख्या वृद्धि के परिणाम अकाल, महामारी तथा युद्ध के रूप में सामने आते हैं, जिससे जनसंख्या वृद्धि में अचानक गिरावट आती है।

**16. जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की द्वितीय अवस्था की प्रमुख विशेषताएं लिखिए।**

उत्तर– जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की द्वितीय अवस्था की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं–

1. इस अवस्था के प्रारंभ में जन्मदर उच्च होती है तथा समय के साथ घटती है।
2. यह अवस्था घटी हुई मृत्युदर के साथ आती है।

Youtube Channel : Siddhi Vinayak Sangaria

3. स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में सुधार के कारण मृत्युदर में कमी आती है।
4. जन्मदर अधिक तथा मृत्युदर कम होने से जनसंख्या में तेजी दिखाई देती है।

**17. जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले तीन भौगोलिक कारकों को समझाइए।**

उत्तर– भौगोलिक कारक–

1. **जल की उपलब्धता–** लोग उन क्षेत्रों में अधिक रहना पंसद करते हैं जहाँ जल आसानी से उपलब्ध होता है। यही कारण है कि नदी–घाटियाँ विश्व के सबसे घने बसे हुए क्षेत्र हैं।
2. **जलवायु–** जिन जलवायु प्रदेशों में मौसम में परिवर्तन कम होता है वहाँ जनसंख्या अधिक पाई जाती है, क्योंकि ये प्रदेश मनुष्य के रहने के लिए अनुकूल होते हैं जैसे भूमध्यसागरीय प्रदेश। अति उष्ण अथवा ठण्डे मरुस्थलों की प्रतिकूल जलवायु लोगों के रहने के लिए असुविधाजनक होती है।
3. **मृदाएं–** उपजाऊ मृदा वाले क्षेत्रों में जनसंख्या अधिक पाई जाती है। क्योंकि यह मृदा कृषि तथा इससे जुड़ी क्रियाओं के अनुकूल होती है।

**18. जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले तीन आर्थिक कारकों को समझाइए।**

उत्तर– आर्थिक कारक–

1. **खनिज–** खनिज भंडारों वाले क्षेत्र उद्योगों को आकर्षित करते हैं, जिससे लोगों को रोजगार मिलता है। कुशल और अर्द्धकुशल मजदूर इन क्षेत्रों की ओर पलायन कर जनसंख्या को सघन बना देते हैं, जैसे– अफ्रीका की कटंगा और जाम्बिया की ताम्बा पेटी।
2. **नगरीकरण–** नगरीय क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य तथा संचार एवं परिवहन के साथ रोजगार के साधन उपलब्ध होते हैं, जो ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को यहाँ आने के लिए आकर्षित करते हैं, जिससे नगरीय जनसंख्या बढ जाती है।
3. **औद्योगीकरण–** औद्योगिक क्षेत्र रोजगार के अच्छे अवसर उपलब्ध कराते हैं और बड़ी संख्या में लोगों को आकर्षित करते हैं। इनमें कारखानों के मजदूरों के अलावा ड्राईवर, दुकानदार, बैंककर्मी, डॉक्टर, शिक्षक तथा अन्य सेवाएं उपलब्ध कराने वाले लोग भी शामिल होते हैं, जैसे– जापान का कोबे–ओसाका प्रदेश।

**भूगोल के प्रत्येक अध्याय को अच्छे से समझने के लिए**
**सिद्धि विनायक संगरिया यू–ट्यूब चैनल पर आप वीडियो देखें।**
**इसके लिए आपको चैनल की प्ले–लिस्ट NCERT Geography|2021-22|Class 12**
**( https://www.youtube.com/playlist?list=PLIlq5TfwxGWHvzdSsfQhFHa2CUi1JER_A )**
**में अध्यायवार सभी वीडियो एकसाथ मिलेंगे। आप भी पढ़ें और**
**अपने साथियों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करें।**
**धन्यवाद**
**सिद्धि विनायक संगरिया टीम**

Youtube Channel : Siddhi Vinayak Sangaria